Dainik Bhaskar (Indore), 15th July 2023, Page – 02

## आईआईटी इंदौर : जुलाई 2009 में शुरुआत; बीटेक, एमटेक सहित 6 कोर्स की 59 ब्रांच, डेढ़ हजार से ज्यादा स्टूडेंट




- 09 ब्रांच बीटेक
- 15 ब्रांच एमटेक
- 05 ब्रांच इंटीग्रेटेड कोर्स (बीटेक+एमटेक)
- 05 ब्रांच एमएससी
- 06 ब्रांच एमएस रिसर्च
- 19 ब्रांच पीएचडी

### IIT इंदौर का 11वां दीक्षांत समारोह आज

# 564 स्टूडेंट्स पाएंगे डिग्री, 3 गोल्ड मेडल भी दिए जाएंगे

भास्कर संवाददाता|इंदौर

आईआईटी इंदौर का 11वां दीक्षांत समारोह शनिवार को आयोजित किया जाएगा। मुख्य अतिथि लीबनिज यूनिवर्सिटी हनोवर के अध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ.) वोल्कर इपिंग होंगे। इन्फोसिस के को-फाउंडर और इन्फोसिस साइंस फाउंडेशन के प्रेसीडेंट सेनापति 'क्रिस' गोपालकृष्णन भी आयोजन में बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे।

इस वर्ष अब तक के सर्वाधिक 564 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी, जिसमें से 114 छात्राएं हैं। कार्यक्रम में आईआईटी के 5 विषय- पीएचडी, बीटेक, एमटेक, एमएससी और एमएस कोर्स की उपाधियां दी जाएंगी। इसके साथ ही 3 गोल्ड मेडल- राष्ट्रपति पदक, बूटी फाउंडेशन पुरस्कार और वीपीपी मेनन पदक प्रदान किए जाएंगे। विभिन्न श्रेणियों में 8 सिल्वर मेडल भी दिए जाएंगे। सर्वश्रेष्ठ बीटेक प्रोजेक्ट पुरस्कार एक छात्र को मिलेगा। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 2 बजे होगी। इसमें छात्रों के साथ उनके परिजन को भी आमंत्रित किया गया है। संस्था द्वारा अतिथियों को खंडवा रोड के निर्माणाधीन होने के चलते राऊ सर्कल से होते हुए आने की हिदायत दी गई है।

### आयोजन के प्रमुख अंश

- **02** बजे दोपहर में शुरू होगा आयोजन
- **114** छात्राएं भी डिग्री पाने वालों में होंगी
- **564** विद्यार्थियों की दी जाएगी डिग्री
- **08** सिल्वर मेडल प्रदान किए जाएंगे